बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-272
22/05/2020

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार तथा क्वारंटाइन सेंटर में रह रहे प्रवासी मजदूरों के बीच विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुए संवाद का संक्षिप्त अंश

1. स्थान– बेगूसराय जिला (मध्य विद्यालय, मोहनपुर क्वारंटाइन सेंटर)

मुख्यमंत्री– एक प्रवासी महिला से– क्वारंटाइन सेंटर में कब आईं ?
प्रवासी महिला– यहाँ आये हुए तेरह दिन हुआ है।
मुख्यमंत्री– कहाँ चली गयी थीं ?
प्रवासी महिला– रांची में थे।
मुख्यमंत्री– यहाँ रहने में कोई दिक्कत नहीं है, न ?
प्रवासी महिला– नहीं, सब तरह की व्यवस्था है।
मुख्यमंत्री– अब यही रहिये, सब व्यवस्था की जायेगी।

2. पश्चिम चम्पारण (बाल सुधार गृह बेतिया के केंद्र)

मुख्यमंत्री– एक प्रवासी श्रमिक से, क्या नाम है, कहाँ चले गये थें ?
प्रवासी श्रमिक– सर मेरा नाम रामबली है। गुरुग्राम में थे सर।
मुख्यमंत्री– क्या करते थे ?
रामबली– पेवर ब्लॉक बनाते थे, यहाॅ क्वारंटाइन सेंटर पर भी सर पेवर ब्लॉक बना रहे हैं और लोगों को पेवर ब्लॉक बनाने की ट्रेनिंग भी दे रहे हैं।
मुख्यमंत्री– बहुत अच्छी बात है, बिहार में ही रहिये और यही रहकर बनाइए ?
रामबली– सर, काम मिलेगा तो यही रहकर बनायेंगे।
मुख्यमंत्री– यहाँ पेवर ब्लॉक की बहुत जरूरत है और काम मिलेगा।
(मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि निर्माण योजनाओं के कार्यों में पेवर ब्लॉक का इस्तेमाल किया जाय।)

3. पूर्वी चंपारण (राम अयोध्या सिंह कॉलेज, पकड़ीदयाल)

मुख्यमंत्री– प्रवासी महिला से, कहाँ चली गयी थीं ?
प्रवासी महिला– गुड़गाँव में थी।
मुख्यमंत्री– वहां क्या करती थीं ?
प्रवासी महिला– वहां पर सिलाई का काम करती थी।
मुख्यमंत्री– यहाँ पर किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है, न ?
प्रवासी महिला– कोई दिक्कत नहीं है यहाँ पर।
मुख्यमंत्री– क्वारंटाइन अवधि समाप्त होने पर घर चले जाइएगा, घबराने की जरूरत नहीं है। यहीं रहिये, जीविका के माध्यम से जोड़कर काम दिलाने का उपाय किया जा रहा है।

4. गया (एस0एन0 सिन्हा कॉलेज टेकारी)

मुख्यमंत्री– प्रवासी महिला से, कहाँ चली गयी थीं ?
प्रवासी महिला– सूरत में थी।
मुख्यमंत्री– सूरत में क्या करती थीं ?

प्रवासी महिला– वहां सिलाई का काम करती थी।
मुख्यमंत्री– सेंटर पर कैसा महसूस कर रही हैं ?
प्रवासी महिला– बहुत अच्छा, यहाँ पर सारी सुविधाएं हैं, किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।
मुख्यमंत्री– अब बिहार में ही काम की व्यवस्था की जायेगी।

5 मधुबनी (पोल स्टार स्कूल रहिका ब्लॉक)

मुख्यमंत्री– कहाँ चले गये थे ?
प्रवासी श्रमिक– हैदराबाद में थे।
मुख्यमंत्री– कब आये हैं ?
प्रवासी श्रमिक– 19 मई को।
मुख्यमंत्री– वहां क्या करते थे ?
प्रवासी श्रमिक– वहां होटल में कुक का काम करते थे, इटालियन फूड और अन्य कॉन्टिनेंटल फूड बनाते हैं।
मुख्यमंत्री– मधुबनी आयेंगे तो हमें भी कुछ वेजिटेरियन खिलाईयेगा।
प्रवासी श्रमिक– जरुर सर, आइयेगा बढ़िया से बनाकर खिलाएंगे।

6 दरभंगा (डी0पी0एस0 स्थित क्वारंटाइन सेंटर)

मुख्यमंत्री– कहाँ चले गये थे ?
प्रवासी श्रमिक– मुंबई।
मुख्यमंत्री– वहां क्या करते थे ?
प्रवासी श्रमिक– ड्राईवर का काम करते थे।
मुख्यमंत्री– सेंटर पर कैसी व्यवस्था है ?
प्रवासी श्रमिक– सर, यहाँ मेडिकल जांच करायी गयी है। खाने–पीने की अच्छी व्यवस्था है और सारी सुविधाएं हैं।
मुख्यमंत्री– क्वारंटाइन अवधि समाप्त होने के बाद घर चले जाइएगा, घबराने की जरूरत नहीं है।
प्रवासी श्रमिक– जी सर।

7. रोहतास (सरयोदा विद्यालय, नोखा)

मुख्यमंत्री– कहाँ से आयी हैं ?
प्रवासी महिला– सूरत से।
मुख्यमंत्री– वहां क्या करती थीं ?
प्रवासी महिला– वहां साड़ी की कम्पनी में काम करती थी।
मुख्यमंत्री– सेंटर पर भोजन की कैसी व्यवस्था है ?
प्रवासी महिला– सही समय पर भोजन मिलता है, बढ़िया भोजन मिलता है। सुबह उठकर हमलोग योग भी करते हैं। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही है।

8. पूर्णिया (श्रीनगर के डाइट टीचर ट्रेनिंग स्कूल)

मुख्यमंत्री– कहाँ से आये हैं ?
प्रवासी श्रमिक– बैंगलोर से।
मुख्यमंत्री– वहां क्या करते थे ?
प्रवासी श्रमिक– वहां कॉन्ट्रेक्टर का काम करते थे।
मुख्यमंत्री– सेंटर पर कोई दिक्कत भी है ?
प्रवासी श्रमिक– केंद्र पर सभी प्रकार की सुविधाएं मिल रही हैं।

मुख्यमंत्री– चौदह दिन ठीक से रहिए, यह आपलोगों के हित में है। उसके बाद घर चले जाइएगा।

9. सीतामढ़ी (कमला गर्ल्स हाई स्कूल, डुमरा)

मुख्यमंत्री– कहाँ चले गये थे ?

प्रवासी श्रमिक– महाराष्ट्र के कल्याण में थे। यहाँ 17 मई को आये हैं।

मुख्यमंत्री– वहां क्या करते थे ?

प्रवासी श्रमिक– वहां सिलाई का काम करते थे।

मुख्यमंत्री– केंद्र पर कैसी व्यवस्था है ?

प्रवासी श्रमिक– केंद्र पर तीनों समय ठीक ढंग से भोजन मिलता है और दूध भी मिलता है। यहाँ किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।

10. शिवहर (सोनुल सुल्तान हाई स्कूल, पुरनहिया)

मुख्यमंत्री– कहाँ से आयी हैं ?

प्रवासी महिला– लुधियाना से।

मुख्यमंत्री– वहां क्या करती थीं ?

प्रवासी महिला– सिलाई–कढ़ाई का काम करती थी।

मुख्यमंत्री– यहाँ से घर कितना दूर है ?

प्रवासी महिला– ज्यादा दूर नहीं है।

मुख्यमंत्री– सेंटर पर कैसी व्यवस्था है।

प्रवासी महिला– यहाँ सभी प्रकार की सुविधाएं मिल रही है। कोई दिक्कत नहीं है। सभी स्टाफ लोग सहयोग करते हैं।

****